## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ मिलने पर ही सशक्त होंगी पंचायतें

**कार्यक्रम**

## आज भी सड़क को तरस रहे है क्वीरीजिमिया के गांव के ग्रामीण

**संवाददाता**

देहरादून/काशीपुर। प्रदेश के पंचायत राज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के रामराज्य का स्वप्न तभी पूरा होगा जब पंचायतें सशक्त और आत्म निर्भर होने के साथ–साथ सुदूर गांव में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर एक स्थानीय होटल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत राज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर सभी जनपदों से आये पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के राम राज्य का स्वप्न तभी पूरा होगा जब




पंचायतें सशक्त और आत्म निर्भर होने के साथ–साथ सुदूर गांव में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। उन्होने कहा कि गांव की मजबूत ग्राम सभा अमृत काल में सिद्वि का संकल्प के माध्यम से ग्रामोदय से राशष्ट्रोदय की दिशा में आगे बढ़ने में समर्थ होगी। महाराज ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्य–2030 के एजेण्डे की प्राप्ति में भी पंचायतों की महति भूमिका है। पंचायतें जितना अधिक सशक्त होंगी, सतत् विकास लक्ष्य के उद्देश्यों को हासिल करने की राह उतनी ही आसान होगी। गांवों के विकास के माध्यम से ही पूरे देश का विकास सम्भव है। उन्होंने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर काशीपुर, ऊधमसिंहनगर में समारोह का पर हर्ष व्यक्त करते हुए समारोह में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। पंचायत राजमंत्री ने समाज कल्याण मंत्री चंदन रामदास से यह भी अनुरोध किया है कि पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए वृद्धावस्था एवं अन्य पेंशनों के मामले में न्यूनतम आय सीमा को बढ़ाकर 6000 रूपये करें ताकि पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि 73वें संविधान संशोधन अधिनियम को 24 अप्रैल 1992 को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया गया।

## न्यूज डायरी

### श्रद्धालुओं ने किए भगवान बदरी विशाल के गाडू घड़े के दर्शन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। नरेंद्रनगर से बदरीनाथ धाम के लिए चल रहा गाडू घड़ा यात्रा रविवार को श्रीनगर से होते हुए रुद्रप्रयाग पहुंची। इस मौके पर जगह–जगह लोगों ने बड़ी संख्या में गाडू घड़े के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। वहीं, इस दौरान ब्राह्मणों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक परंपरा के निर्वहन के लिए डिमरी परिवार के लोग अनेक जगहों से यात्रा में शामिल होते हैं। जहां यात्राकाल में इस दिव्य तेल से भगवान का अभिषेक किया जाता है।

### भूमाफिया यशपाल के राइट हैंड पर दस हजार का इनाम


**संवाददाता** हरिद्वार। एसटीएफ के रडार पर आए पूर्वी उत्तर प्रदेश के चर्चित भू माफिया यशपाल तोमर के राइट हैंड धीरज डिगानी पर दस हजार का इनाम घोषित किया गया है। आरोपी की तलाश में एसटीएफ कई प्रदेशों में छापमारी करने में जुटी है। एसटीएफ ने भूमाफिया यशपाल तोमर की 153 करोड़ की चल अचल संपत्तियां कुर्क करते हुए उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई थी। सामने आया था कि शातिर यशपाल का नेटवर्क उसका राइट हैंड धीरज डिगानी निवासी न्यू लामलपुर जगतपुरी शाहदरा नई दिल्ली संभालता है।

# मंथन शिविर में यूकेडी ने नए सिरे से संघर्ष का लिया संकल्प

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने आज मंथन शिविर में राज्य की विभिन्न समस्याओं के लिए एक बार फिर से मिशनरी भाव से जुटने का संकल्प लिया। देहरादून के तुनवाला में आयोजित मंथन उत्तराखंड क्रांति दल महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राज्य की विभिन्न समस्याओं के लिए एक बार फिर से जुट जाने की जरूरत है।

उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद शिवप्रसाद सेमवाल ने पिछले चुनाव में योगदान के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। केंद्रीय महामंत्री सुनील ध्यानी ने उत्तराखंड क्रांति दल के संघर्ष और योगदान को याद करते हुए मूलभूत मुद्दों की ओर कार्यकर्ताओं का ध्यान खींचा। यूकेडी के महानगर अध्यक्ष दीपक रावत ने कहा कि नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाना जरूरी है और इसमें महिलाओं और युवाओं की पर्याप्त भागीदारी होनी चाहिए।

मंथन शिविर को यूकेडी के केंद्रीय संगठन सचिव विपिन रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की रीति नीति को जनता के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार की जरूरत है। मंथन शिविर में उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ कार्यकर्ता सच्चिदानंद सिलोडी, संजीव शर्मा, आदि ने भी संबोधित किया।



# राजभवन एमडी यूपीसीएल के ट्रांसफार्मर घोटाले की कराए उच्च स्तरीय जांचः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अनिल कुमार नामक जिस अधिकारी को अक्टूबर 2021 में यूपीसीएल का एमडी नियुक्त किया गया है, उस भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ 160 एमवीए ट्रांसफार्मर एवं 40 एमवीए ट्रांसफॉमर्स की गुणवत्ता/खरीद मामले में लगभग 3 वर्ष से जांच लंबित है; बावजूद इसके करोड़ों की डील कर इनको एमडी, यूपीसीएल एवं पिटकुल का अतिरिक्त चार्ज दिया गया। उक्त अधिकारी ट्रांसफार्मर क्रय किए जाने की अवधि में अधीक्षण अभियंता (क्यूए/क्यूसी) के पद पर कार्यरत थे।

नेगी ने कहा कि सचिव, ऊर्जा द्वारा वर्ष 2019 में इनके घोटाले का संज्ञान लेते हुए इस प्रकरण पर तीनों

**एमडी, यूपीसीएल के खिलाफ लंबित है तीन वर्ष से जांच**

निगमों के प्रबंध निदेशकों एवं निदेशक (परिचालन) यूपीसीएल की एक संयुक्त कमेटी का गठन करते हुए उक्त घोटाले की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक रिपोर्ट शासन तक नहीं पहुंच पाई। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर भी तत्कालीन एमडी, यूपीसीएल श्री दीपक रावत ने नवंबर 2021 को शासन को पत्र प्रेषित किया था।

उक्त भ्रष्ट अधिकारी द्वारा अपनी सेटिंग–गेटिंग के आधार पर उक्त जांच को आज तक ठंडे बस्ते में डलवाया हुआ है द्य झाझरा उप संस्थान के एक अन्य मामले, जिसमें 80 एमवीए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के मामले में भी इनकी भूमिका की जांच कराई गई थी, जिसमें



सेटिंग– गेटिंग के आधार पर इनको दोषमुक्त किया गया था। अनिल कुमार के पिटकुल, एमडी के कार्यभार ग्रहण करने से लेकर आज तक इनके कारनामों की भी जांच की जानी आवश्यक है। अगर पूरे प्रकरणों की ईमानदारी से जांच हो जाए तो बहुत कुछ जनता के सामने आएगाद्य मोर्चा ने राजभवन से इनके काले कारनामों की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर गुहार लगाई। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश पंवार, विनय कांत नौटियाल, विजय राम शर्मा व जाबिर हसन मौजूद थे।